आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 183 | उज्जैन, सोमवार 26 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास-मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में मन की बात के 122वें संस्करण का किया श्रवण

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रवासियों से निरंतर संवाद के माध्यम मन की बात के 122वें संस्करण का नई दिल्ली प्रवास के दौरान श्रवण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्टसेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात÷ में बताया कि पिछले वर्षों में मधुमक्खी पालन क्षेत्र में भारत में एक क्रांति हुई है। आज से 10-11 साल पहले भारत में वार्षिक शहद उत्पादन 70-75 हजार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन के आसपास हो गया है। इस तरह शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आहवान किया कि प्रधानमंत्री के एकता के सूत्र में पिरोने वाले मन की बात कार्यक्रम के प्रेरणादायी संवाद से जुड़कर सशक्त भारत की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## फिर लौट आया कोरोना? नए वेरिएंट की एंट्री ने बढ़ाई टेंशन; अब तक कितने केस आए सामने



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में एक बार फिर से कोविड-19 के केस बढ़ रहे हैं। कोविड के नए वेरिएंट हक्क1.8.1 और स्न्न.7 की एंट्री से लोगों में दहशत है। इस बीच कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में कोविड-19 से पहली मौत होने की जानकारी सामने आई है।

कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, मरीज की मौत शनिवार को हुई। पिछले 24 घंटे में 108 लोगों की कोविड जांच की गई, जिसमें से पांच लोग संक्रमित मिले हैं। एक व्यक्ति को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और सक्रिय मामलों की कुल संख्या 38 हो गई है। कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कुल 38 मामलों में से 32 बेंगलुरु से हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहर में कुल 92 लोगों ने कोविड की जांच कराई थी और पिछले 24 घंटे में दो लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। बल्लारी, बेंगलुरु ग्रामीण, मंगलुरु और विजयनगर में एक-एक सक्रिय मामला है और मैसूरु में दो सक्रिय मामले सामने आए हैं।

आईएएनएस ने स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के हवाले से बताया कि कोविड-19 से मौत हुई व्यक्ति की उम्र 85 वर्ष थी। सूत्रों ने यह भी बताया कि मुंबई से लौटी एक महिला का परीक्षण पॉजिटिव आया है और घर में ही आइसोलेशन में रखा गया है।

## दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना भारत, जापान को छोड़ा पीछे



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत, जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने नीति आयोग शासी परिषद की 10वीं बैठक के बाद मीडिया से कहा कि भारत में आर्थिक माहौल अनुकूल है।

उन्होंने कहा कि आज के समय भारत 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष का हवाला देते हुए सुब्रमण्यम ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था जापान से बड़ी है। उन्होंने आगे कहा, केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से अर्थव्यवस्था के मामले में बड़े हैं।

आईफोन बनाने वाली कंपनी एपल को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाल के बयान पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, टैरिफ रेट्स क्या होंगी, यह अनिश्चित है। लेकिन जिस तरह चीजें बदल रहीं हैं, हम मैन्युफैक्चरिंग के लिए सस्ती जगह होंगे।

## जब तक हिंदू खुद मजबूत नहीं होगा, दुनिया में कोई..., पहलगाम हमले के बाद हिंदुओं की सुरक्षा पर क्या बोले मोहन भागवत?



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत के पास शक्तिशाली होने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। आरएसएस से जुड़े प्रकाशन ऑर्गनाइजर के साथ एक विशेष साक्षात्कार में भागवत ने स्पष्ट किया कि - सुरक्षा की शुरुआत समाज से होती है, सिर्फ राज्य से नहीं।

उन्होंने हिंदू समाज की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि भारत की एकता ही हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज और भारत एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं, और जब हिंदू समाज सशक्त होगा, तभी भारत भी गौरव प्राप्त करेगा।

उन्होंने पड़ोसी देश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार और मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, जब तक हिंदू समाज खुद मजबूत नहीं होगा, तब तक दुनिया में कोई उनके बारे में चिंता नहीं करेगा।

अपने अधिकारों के लिए हिंदू अब लड़ रहे- मोहन भागवत - उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के खिलाफ जो आक्रोश देखा गया वो अद्भुत है। अब वहां के हिंदू खुद कर रहे हैं कि हम भागेंगे नहीं, अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा, हिंदू समाज की आंतरिक शक्ति बढ़ रही है और संगठन का विस्तार इस शक्ति को और व्यापक रूप देगा। जब तक यह लक्ष्य पूरी तरह हासिल नहीं होता। हमें लड़ाई जारी रखनी होगी।

## आंधी-बारिश का कहरः दिल्ली-मुंबई के कई इलाकों में जलभराव, यूपी में तेज बारिश जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली, यूपी और हरियाणा समेत अन्य कई राज्यों में रविवार देर रात तेज-आंधी तूफान के साथ बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए तेज बारिश का पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था। बारिश के बाद दिल्ली के कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया है। भारी बारिश के कारण हुए जलभराव के कारण एक कार भी डूब गई।

दिल्ली एनसीआर आंधी-तूफान ने बरपाया कहर- दिल्ली एनसीआर समेत हरियाणा यूपी में भारी बारिश, आंधी और तेज हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने पहले ही 40-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और तेज आंधी चलने की चेतावनी दी गई थी।

हरियाणा के झज्जर के कई इलाकों में भी आंधी के साथ भारी बारिश हुई। इससे पहले शनिवार को भारतीय मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया था। इसमें अगले दो से तीन घंटों में तेज आंधी, बारिश और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई थी।

मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी - मौसम विभाग ने निवासियों से आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया है। आईएमडी ने लोगों को खुली जगहों से बचने और पेड़ों के नीचे शरण न लेने की चेतावनी दी है। उन्होंने नागरिकों से कमज़ोर दीवारों या अस्थिर संरचनाओं से बचने और जल निकायों से दूर रहने के लिए भी कहा है।

## चार राज्यों में विधानसभा उपचुनाव की तारीख का एलान, 5 सीटों पर 19 जून को वोटिंग




नई दिल्ली (एजेंसी)। इसी कड़ी में रविवार को चुनाव आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है।

चुनाव आयोग ने नॉटिफिकेशन जारी कर जानकारी दी कि 19 जून को चुनाव होंगे। वहीं, 23 जून को मतगणना होगी। सभी पांच सीटें इस्तीफे या निधन की वजह से खाली हो गईं थी। जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें गुजरात की कादी और विसावदर विधानसभा सीट शामिल हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र और आतंकी ठिकानों की तबाही की दिखाई तस्वीर, पीएम मोदी ने मन की बात में क्या-क्या कहा?




नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड में देश की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे से लेकर आम लोगों तकत का जिक्र किया। इस दौरान पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी बताई और छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का भी जिक्र किया।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान भारतीय सेना की बहादुर और पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए झूठ की पोल खोली। साथ ही, विश्व पर्यावरण दिवस से जुड़ते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान की भी चर्चा की।

मन की बात कार्यक्रम की मुख्य बातें- पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के कटेझारी और छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जैसे दूरदराज के गांवों में अब बस सेवा और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं संभव हो गई हैं, जो पहले माओवादी हिंसा की चपेट में थे।

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के कटेझारी गांव की घटना का जिक्र करते हुए कहा, बस से यात्रा करना एक आम बात है। लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं जहां पहली बार बस आई। वहां के लोग वर्षों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। और जब पहली बार गांव में बस आई तो लोगों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर उसका स्वागत किया।

पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर और दंतेवाड़ा क्षेत्रों में विज्ञान प्रयोगशालाओं जैसी शैक्षणिक सुविधाओं के प्रसार का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम शानदार रहे।

पीएम मोदी ने कहा कि दंतेवाड़ा जिला 95 प्रतिशत परिणामों के साथ कक्षा 10 की परीक्षा में छत्तीसगढ़ में शीर्ष स्थान पर रहा और कक्षा 12 की परीक्षा में राज्य में छठे स्थान पर रहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात के पहले के एपिसोड में उन्होंने बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित जिलों में विज्ञान प्रयोगशालाओं की सफलता पर चर्चा की थी।

पीएम मोदी ने कहा, यहां के बच्चे विज्ञान के प्रति जुनूनी हैं और खेलों में कमाल कर रहे हैं। ये प्रयास हमें बताते हैं कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग साहसी हैं। कई चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने ऐसा रास्ता चुना है जो उनके जीवन को बेहतर बनाता है।

# फर्जी नौकरी, मनी लॉन्ड्रिंग... दो पाकिस्तानी मिलकर अमेरिका में चला रहा थे गंदा खेल, FBI ने रंगे हाथों पकड़ा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में दो पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों लोगों पर फर्जी नौकरी दिलाने, फर्जी वीजा, आव्रजन धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है।

39 वर्षीय अब्दुल हादी मुर्शिद और 35 वर्षीय मुहम्मद सलमान नासिर के अलावा टेक्सास की एक लॉ फर्म और रिलायबल वेंचर्स इंक नामक कंपनी पर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों में अमेरिका को धोखा देने की साजिश, वीजा धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग और रैकेटियरिंग शामिल हैं। मुर्शिद पर अवैध रूप से अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का प्रयास करने का भी आरोप है।

इस मामले पर एफबीआई निदेशक काश पटेल ने जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा÷एफबीआई अधिकारियों ने बड़ी गिरफ्तारियां की है। अब्दुल हादी मुर्शिद और मुहम्मद सलमान नासिर, टेक्सास के दो व्यक्ति, जो कथित तौर पर फर्जी वीजा आवेदन बेचकर अमेरिकी आव्रजन कानूनों को दरकिनार करते हुए एक आपराधिक उद्यम की देखरेख और संचालन करते थे।÷ नौकरी देने का फर्जी दावा कर लोगों से खूब पैसे ठगे - दोनों व्यक्तियों और उनके बिजनेस ने विदेशियों (जिन्हें अदालत के डॉक्यूमेंट में ÷वीजा चाहने वाले÷ कहा गया है है) को अवैध रूप से अमेरिका में आने और रहने में मदद करने के लिए नकली वीजा आवेदन दाखिल करके पैसा कमाया। उन्होंने झूठी कागजी कार्रवाई प्रस्तुत की, नौकरी की पेशकश के बारे में झूठ बोला। वहीं, सिस्टम को चकमा देने के लिए ईबी-2, ईबी-3 और एच-1बी वीजा प्रोग्राम का इस्तेमाल किया।

इसे नौकरी की वास्तविक ऑफर दिखाने के लिए, उन्होंने कथित तौर पर न्यूज पेपर्स में नकली एड दिए। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि अमेरिका का श्रम विभाग का कानून कहता है कि कोई भी नौकरी पहले अमेरिकियों को ऑफर होनी चाहिए।

# 'मैं इसलिए नहीं आती थी यहां', मिस इंग्लैंड मिला मैगी ने आयोजन पर आरोप लगाते हुए छोड़ी मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोगों का जब अपने काम में मन नहीं लगता है या फिर परेशान होने लगते हैं तो नौकरी छोड़कर सूकून की तलाश करते हैं। ये सिर्फ आम लोगों के साथ ही नहीं होता है, कभी-कभार ग्लैमरस जिंदगी जीने वाले लोग भी ऐसे कदम उठा लेते हैं।

मिस इंग्लैंड ने बताई अंदर की बात- ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां मिस इंग्लैंड का खिताब जीत चुकी मिला मैगी ने मिस वर्ल्ड ब्यूटी कॉन्टेस्ट को छोड़ दिया है। शो छोड़ने के पीछे मैगी ने



जो तर्क दिया है, उसे सुनकर लोग चौंक गए।

भारत में आयोजित हो रहे इस प्रतियोगिता को छोड़ने के बाद मिला मैगी ने आयोजकों पर शोषण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शोषण की वजह से उन्हें ये काम वेश्या जैसा लग रहा है। हालांकि, प्रतियोगिता छोड़ने के बाद पहली बार में उन्होंने अपने फैसले के पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया था।

प्रतियोगिता में क्यों लिया था भाग- द सन से बात करते हुए मिला मैगी ने कहा कि वह इस कॉन्टेस्ट में बदलाव लाने के लिए गई थीं। लेकिन, उन्हें सिर्फ प्रदर्शन करने वाले बंदरों की तरह बैठना पड़ा, जिस वजह से उन्हें वेश्या जैसा महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि इसलिए वो अब प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि अमीर पुरुष प्रायजकों के सामने परेड किए जाने के बाद बोलने का फैसला किया था। मैगी ने यह भी कहा कि प्रतियोगिता के दौरान भारी मैकअप करने और सुबह से रात तक गाउन में रहने का निर्देश दिया गया था।

## शशि थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका पहुंचा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने शनिवार (अमेरिका के स्थानीय समयानुसार) को अमेरिका पहुंचने के बाद 9/11 स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सदस्यों ने स्मारक पर सफेद गुलाब चढ़ाकर और हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। 9/11 स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बोले थरूर

9/11 स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह दुनिया भर के सभी लोगों द्वारा आतंकवाद के सामने महसूस की जाने वाली एकजुटता की याद दिलाता है। यह दुखद रूप से याद दिलाता है कि हम भारत में भी इसी तरह के घावों से गुज़रे हैं...हम एकजुटता की भावना से आए हैं।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम 5 देशों की यात्रा कर रहे हैं, अपनी यात्रा के अंत में हम वापस अमेरिका आएंगे...हमें उम्मीद है कि हम दुनिया को यह समझा पाएंगे कि आतंकवाद के इस अभिशाप के खिलाफ हम सभी का एक साथ खड़ा होना कितना महत्वपूर्ण है...हम दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि अगर यह दोहराया गया तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

## शादी के बंधन में बंधेंगे जेफ बेजोस और लॉरेन सांचेज, फंक्शन में हर मेहमान पर खर्च होगा 42 लाख रुपये



नई दिल्ली (एजेंसी)। बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज शादी के पवित्र बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनकी शादी अगले महीने, यानी जून 2026 में इटली के वेनिस में होगी। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई।

हालांकि, दुनिया के दूसरे सबसे धनी शख्स की शादी को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस शाही शादी में करीब 200 लोगों को बुलाया जाएगा। प्रत्येक मेहमान पर 47 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस खर्च को लेकर खूब चर्चा की जा रही है।

दुनिया की सबसे खर्चीली शादी- कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ये दुनिया की सबसे महंगी शादी होने जा रही है। इस शादी के मेहमानों की लिस्ट तैयार है। जानकारी के अनुसार, इस शाही शादी में मेहमानों की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका और दामाद जैरड कुशनर का नाम है। इसके अलावा किम कर्दाशियां, क्रिस जेनर, कैटी पैरी और ऑर्लैंडो ब्लूम, ओप्रा विन्फ्रे बिल गेट्स और मिरांडा केर जैसे बड़े नाम भी शामिल हो सकते हैं।

## निर्दोष को मारना पूरी मानवता को मारने के समान, बहरीन में ओवैसी ने पाकिस्तान की खोली पोल

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व भारतीय डेलिगेशन बहरीन पहुंचा है, जहां प्रतिनिधिमंडल ने भारत का पक्ष रखा और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की पोल खोली। इस दौरान AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा है।



ओवैसी ने कहा कि आतंकवादी ग्रुप निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं और उसे सही ठहराने के लिए धर्म का गलत इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम आतंकवाद की निंदा करता है और कुरान स्पष्ट रूप से कहता है कि निर्दोष व्यक्ति को मारना पूरी मानवता को मारने के समान है।

बहरीन में प्रमुख हस्तियों से बातचीत के दौरान असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, इन आतंकवादी संगठनों ने भारत में विर्दोष लोगों की हत्या को उचित ठहराया है और उन्होंने कुरान की आयातों को गलत संदर्भ में इस्तेमाल किया है। हमें इसे खत्म करना होगा।

वहीं, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने आतंकवाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन की मांग की है। उन्होंने कहा, हमें हर अंतरराष्ट्रीय मंच और ढ्ढष्ट में समर्थन की जरूत है। हम किसी भी देश को खत्म नहीं करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि पाकिस्तान इस आतंकवादी ढांचे को नष्ट करे और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे।

इस बीच भाजपा सांसद एस फांगनोन कोन्याक ने कहा कि पाकिस्तान ने विभाजन के बाद से भारत के खिलाफ अपनी आतंकवादी गतिविधियां जारी रखी है। उन्होंने बहरीन से आग्रह किया कि वह पाकिस्तान से इसकी जिम्मेदारी लेने को कहे। भाजपा सांसद ने कहा, भारत सरकार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है और अगर दोबारा हमला हुआ तो वह इसका कड़ा जवाब देगी।

## मैं सरकार के लिए काम नहीं करता, लेकिन...; शशि थरूर ने बताया- भारत ने रात में पाकिस्तान पर क्यों किया हमला

नई दिल्ली (एजेंसी)। आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए भारत सरकार द्वारा बनाए गए 7 डेलिगेशन अलग-अलग देशों में जा रहे हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर की अगुवाई में एक डेलिगेशन अमेरिका पहुंचा है। अमेरिका में मौजूद भारतीय वाणिज्य दूतावास में शशि थरूर ने पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखा।




कांग्रेस सांसद ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, मैं सरकार के लिए काम नहीं करता। मैं एक विपक्षी पार्टी के लिए काम करता हूं। कुछ दिनों पहले मैंने खुद एक लेख लिखा था,जिसमें कहा गया था कि अब समय आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ न सिर्फ जोरदार तरीके से बल्कि समझदारी के साथ हमला किया जाए।

शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई पर क्या कहा- उन्होंने आगे कहा कि मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि भारत ने बिल्कुल यही किया। हमारी सेना ने पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर हमले किए। हमने कार्रवाई के लिए रात का वक्त इसलिए चुना ताकि किसी निर्दोष नागरिक को क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर लोगों की जान ली। इस हमले के पीछे भारत में हिंदू-मुस्लिम एकता को नष्ट करना था, लेकिन देशवासियों ने एकजुट होकर इस हमले की खिलाफत की। शशि थरूर ने कहा कि ÷भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा, वह जवाब देगा।

## गाजा में इजरायल के हमले तेज, हमास के कई ठिकाने ध्वस्त; पिछले 24 घंटों में 79 फलस्तीनी मारे गए

नई दिल्ली (एजेंसी)। गाजा में इजरायल हमास को जड़ से खत्म करने के लिए तेज अभियान चला रहा है और इसलिए इजरायल ने गाजा में हमले तेज कर दिए हैं। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में चल रहे इजरायली नरसंहार के परिणामस्वरूप पिछले 24 घंटों में गाजा पट्टी में कम से कम 79 फिलिस्तीनी मारे गए और 211 अन्य घायल हो गए।



स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अक्टूबर 2023 से इजरायली हमले में फलस्तीनी लोगों की मृत्यु की संख्या बढ़कर 53,901 हो गई है, जबकि 122,593 लोग घायल हुए हैं। पीड़ितों में ज्यादातर महिलाएँ और बच्चे हैं।

दो महीने के युद्धविराम के बाद फिर शुरू हुई लड़ाई

यूएनकी एक एजेंसी द्वारा उद्धत उन्हीं सूत्रों के अनुसार, दो महीने के युद्धविराम के बाद 18 मार्च को इजरायल द्वारा पुनः नरसंहार शुरू करने के बाद से मरने वालों की संख्या भी 3,747 हो गई है, तथा 10,552 अन्य घायल हुए हैं।

गाजा में डॉक्टर के नौ बच्चों समेत 79 लोग मारे गए - गाजा में इजरायली सेना के हमले जारी हैं। शनिवार को हुए इन हमलों में 79 लोग मारे गए। मृतकों में खान यूनिस शहर में हुए हवाई हमले में एक डॉक्टर के मारे गए नौ बच्चे भी शामिल हैं, जबकि एक बच्चा घायल हुआ है। मारे गए बच्चे सात महीने से लेकर 12 वर्ष के थे।

# कविता, प्रभावशाली गीत और दमदार पोस्टर... भारतीय सेना ने मजबूत ढंग से देशवासियों तक पहुंचाया Operation Sindoor का संदेश




नई दिल्ली (एजेंसी)। संदेश की प्रभावी अभिव्यक्ति मायने रखती है। जहां 'आपरेशन सिंदूर' ने भारत की सैन्य शक्ति और आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को प्रदर्शित किया, वहीं भारतीय सशस्त्र बलों ने भी अपनी बात को स्पष्ट करने और प्रभावी संदेश देने के लिए इंटरनेट मीडिया पर आकर्षक पोस्ट और वीडियो जारी किए। इनमें से एक में दिनकर की कविता 'रश्मिरथी' की पंक्तियों को शामिल किया गया।

आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीके और नपे-तुले हमले - भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में सात मई मध्यरात्रि को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओजेके में नौ आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों के माध्यम से ध्वस्त कर दिया। इस हमले के बाद सरकार ने एक बयान में स्पष्ट किया कि लक्ष्यों पर सटीके और नपे-तुले हमले किए गए और किसी भी पाकिस्तानी सैन्य अड्डे को निशाना नहीं बनाया गया। इसके तुरंत बाद भारतीय सेना ने इंटरनेट मीडिया पर एक मार्मिक पोस्ट साझा किया, जो अब आपरेशन सिंदूर की पहचान बन चुका है। भारतीय सेना ने 1‑51 बजे 'एक्स' पर एक पोस्टर साझा किया, जिसमें कम शब्दों में प्रभावशाली संदेश दिया गया- पहलगाम हमला, न्याय हुआ। जय हिंद।

## शिमला में मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी




नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सरकारी आवास ओक ओवर और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। रविवार को ई-मेल के माध्यम से ये धमकी दी गई। जिसके बाद प्रशासन में हडकंप मच गया और सीआईडी के बम निरोधक दस्ते और डॉग स्कवायड के साथ पुलिस की अलग-अलग टीमों ने रविवार को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास ओक ओवर के साथ सचिवालय व आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान चप्पे-चप्पे की जांच की गई। इस दौरान कोई भी ऐसी वस्तु या पदार्थ नहीं मिला है। इस मामले में साइबर पुलिस भी ई-मेल की जांच में जुटी है।

मिली सूचना के अनुसार पुलिस मुख्यालय को भेजी गई ई-मेल के माध्यम से ये धमकी दी गई। जिसके बाद सुरक्षा को पुख्ता किया गया है। उधर सचिवालय और मुख्यमंत्री के आवास में लोगों के प्रवेश को लेकर व्यापक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उधर प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा को बढ़ाया गया है।

इससे पूर्व भी सचिवालय स्थित मुख्य सचिव कार्यालय के अलावा उपायुक्त कार्यालय मंडी, हमीरपुर, दिल्ली स्थित हिमाचल भवन को भी बम से उड़ाए जाने को लेकर बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।

## तेज प्रताप यादव को झटका, 6 साल के लिए पार्टी से निकाले गए; लालू यादव ने परिवार से भी किया बेदखल



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजद के बड़े नेता और लालू यादव के पुत्र तेज प्रताप यादव को बड़ा झटका लगा है। उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है।

लालू यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। उन्होंने आगे लिखा कि ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

अपने निजी जीवन का भला - बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सावर्जनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है।

वहीं, इस मामले पर लालू यादव के छोटे पुत्र और RJD नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि जो भावना राष्ट्रीय अध्यक्ष की थी उन्होंने स्पष्ट कर दिया है।

## कर्नाटक के राज्यपाल ने रोका हिदू मंदिर विधेयक, राष्ट्रपति को विचार के लिए भेजा जाएगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक या हिदू मंदिर विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख लिया है। छह मार्च, 2024 को पारित यह विधेयक 16 मई, 2025 को दोबारा राज्यपाल को भेजा गया था।

विधेयक का उद्देश्य राज्य के हिंदू मंदिरों से प्राप्त राजस्व के बड़े हिस्से का साझा कोष के रूप में उपयोग करना है। राज्यपाल ने कहा है कि वह सरकार के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हैं। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है, इसलिए अदालत के निर्णय की प्रतीक्षा करना चाहिए। ऐसे में विधेयक को मंजूरी देना अनुचित होगा।

राष्ट्रपति के विचार के लिए जाएगा विधेयक- प्रस्तावित विधेयक पर सहमति देने के बजाय मैं इसे राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखना उचित समझता हूं। राज्यपाल ने ऐसे समय में विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखा है जब पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को लंबे समय तक रोके रखने के मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राज्यों के विधेयकों पर मंजूरी के लिए राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए समय सीमा तय की थी।

शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्यपाल द्वारा विचार के लिए भेजे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन महीने में निर्णय लेना होगा। कर्नाटक के धार्मिक बंदोबस्ती विभाग के मंत्री रामालिंगा रेड्डी ने कहा, विधेयक में प्रविधान है कि यदि मंदिर की आय 10 लाख रुपये तक है तो धर्मिका परिषद को कोई भुगतान नहीं करना होगा।

मंदिरों से ली जाएगी राशि- 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक आय वाले मंदिरों से पांच प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक की आय वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत राशि एकत्र करने का प्रविधान है। यह राशि धर्मिका परिषद में जमा होगी।

## MANUU ने यूनिसेफ के साथ मिलाया हाथ, हैदराबाद में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित




नई दिल्ली (एजेंसी)। बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित सड़कें बनाने के लिए सरकार, शिक्षकों और समुदायों के बीच मीडिया के साथ साझेदारी में मजबूत भागीदारी की आवश्यकता है। इस संदेश को सड़क सुरक्षा और सिस्टम पर राष्ट्रीय मीडिया परामर्श में दोहराया गया, जिसे यूनिसेफ इंडिया ने मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (ऱ्रूह) के जनसंचार और पत्रकारिता विभाग के सहयोग से आयोजित किया।

रेडियो आरजे व मीडियाकर्मी हुए शामिल- दिन भर चले इस संवाद में सड़क सुरक्षा को बाल अधिकार, सार्वजनिक स्वास्थ्य और विकास के महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में पुनः स्थापित करने तथा सुरक्षित व्यवहार, बेहतर प्रवर्तन और प्रणालीगत सुधार को प्रभावित करने में मीडिया की भूमिका को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विद्यालय के डीन एवं प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद फरियाद ने यूनिसेफ के सम्मानित अतिथियों, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोच्चि सहित विभिन्न शहरों के रेडियो आरजे सहित मीडियाकर्मियों का गर्मजोशी से स्वागत किया

कार्यक्रम में किस पर दिया गया जोर- उन्होंने सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने और विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के बीच जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने में सामुदायिक रेडियो और युवाओं द्वारा संचालित अभियानों की शक्ति पर जोर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए, यूनिसेफ इंडिया में संचार, वकालत और भागीदारी की प्रमुख जफरिन चौधरी ने सार्वजनिक धारणा और जवाबदेही को आकार देने में मीडिया की भूमिका पर ज़ोर दिया।

## प्लास्टिक के बदले खाना, कचरे के बदले सैनिटरी पैड दे रहे गांव



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्लास्टिक के बदले खाना और कचरे के बदले सैनिटरी पैड जैसे अभियान चलाकर देश के 77 प्रतिशत गांवों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) प्लस माडल के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

कोई गांव ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा कैसे हासिल कर सकता है- कोई गांव ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा तभी हासिल कर सकता है, जब वह खुले में शौच मुक्त गांव के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने में सफल हो, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की क्षमता विकसित करे, स्वच्छता के पैमाने पर खरा उतरे और ओडीएफ प्लस सूचना एवं संदेश का प्रचार-प्रसार करे।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 5.10 लाख से अधिक गांवों में ठोस अपशिष्ट निपटान की व्यवस्था है, जबकि 5.26 लाख से अधिक गांव तरल कचरे का प्रबंधन करने में सक्षम हैं।

1,200 से अधिक पंजीकृत बायोगैस संयंत्र मौजूद - वहीं, 1,200 से अधिक पंजीकृत बायोगैस संयंत्र मौजूद हैं, जबकि अपशिष्ट संग्रह के लिए 6.38 लाख से अधिक वाहन तैनात किए गए हैं। हालांकि, ग्रामीण भारत में कचरा प्रबंधन का श्रेय मुख्यत स्थानीय नेतृत्व और सामुदायिक पहलों को जाता है।

प्लास्टिक कचरा स्वच्छता की दिशा में बड़ी बाधा- प्लास्टिक कचरा स्वच्छता की दिशा में बड़ी बाधा है। हरियाणा के करनाल जिले की सुमन डांगी ने इससे निपटने के लिए अनोखी पहल की है। वह 500 ग्राम साफ और रिसाइकिल करने लायक कचरा लाने वाले लोगों को गर्मा-गर्म खाना खिलाती हैं। सुमन और उसके स्वयं सहायता समूह ने 50,000 रुपये के ऋृण के साथ इस पहल की शुरुआत की थी। वह अब तक 1,500 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक कचरा एकत्र कर चुकी हैं और 3,000 से अधिक लोगों को गर्मा-गर्मा खाना खिला चुकी हैं।

भुशली गांव में अटल किसान मजदूर कैंटीन में प्लास्टिक के बदले गर्म खाना खिलाने की पहल चला रही सुमन ने कहा कि यह विचार आवश्यकता से उपजा। प्लास्टिक हर जगह मौजूद है और कई लोग दो वक्त की रोटी जुटाने में मुश्किलों का सामना करते हैं। हमने इन दोनों समस्याओं से निपटने का तरीका खोज निकाला।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण अमावस्या


## संपादकीय

# ईयू-यूके में हुआ ताजा समझौता ट्रंप के तानों से उपजा एक बड़े बदलाव का प्रतीक है



ईयू-यूके में हुआ ताजा समझौता ट्रंप के तानों से उपजा एक बड़े बदलाव का प्रतीक है। यह समझौता कोई रीसेट नहीं, बल्कि एक हिसाब है। ट्रम्प के फैसलों ने यूरोप को करारा झटका और सदियों का सबक दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का विश्व, जो अमेरिका के इर्द-गिर्द घूमता था, अब बदल रहा है। इसीलिए यूरोप को इंडिया की याद आ रही है। सवाल है कि क्या भारत तैयार है?

बीते हफ्ते जब भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम के बारूदी गुबार के बाद जीत हार के दावे और नुकसान का आकलन कर रहे थे और वाशिंगटन में बैठे राष्ट्रपति ट्रंप बार बार सीज फायर कराने का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे, ठीक उसी समय ब्रुसेल्स में यूरोप और ब्रिटेन इतिहास के एक नये अध्याय पर हस्ताक्षर कर रहे थे। एक ऐसा इतिहास जो खामोशी से एक ध्रुवीय विश्व को बहुध्रुवीय दुनिया की तरफ ले जा रहा था। 19 मई 2025 को ब्रुसेल्स की सर्द हवाओं में यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने जो रणनीतिक समझौता किया, उसमें सुरक्षा, रक्षा, यूक्रेन समर्थन, प्रवास, जलवायु, शिक्षा और व्यापार तो शामिल था ही, इसमें अमेरिकी छत्रछाया से इतर एक नया यूरोप बनाने की दृढ़ इच्छा शक्ति की झलक भी थी।

यह समझौता महीनों की उस गोपनीय बातचीत का नतीजा था, जो जनवरी 2025 में राष्ट्रपति ट्रंप की दी हुई अपमानजनक उपेक्षा और अवहेलना से शुरू हुई थी। यह ब्रेक्सिट के पुराने जख्मों पर मरहम नहीं, बल्कि यूरोप की उस जिद का प्रतीक था, जो अब अमेरिका के तलाकनामे के बाद अपनी नई राह तलाश रही है।

इस साल की शुरुआत में जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सुनहरे बालों को हिलाते हुए व्हाइट हाउस में दोबारा कदम रखा, तो शायद उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि उनका तमाशा विश्व मंच पर एक नयी पटकथा लिख देगा। एक ऐसी पटकथा, जिसमें दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका खुद अकेला पड़ता जायेगा, तो वहीं इस राह पर कदम बढ़ाते यूरोप को रूस और चीन से अलग भारत की याद आएगी– उस भारत की जिसने नेहरु के जमाने से ही गुट निरपेक्षता की राह पकड़ी थी। आज यूरोप को लग रहा है कि नेहरु के रास्ते ठीक थे, उसने अमेरिका पर निर्भर रहकर कई दशक गंवा दिये।

शायद ट्रंप को अंदाज़ा भी नहीं होगा कि यूरोप के प्रति उनके जहरीले बयान विश्व राजनीति की दशा और दिशा ही बदल देंगे। 20 जनवरी 2025 को, वाशिंगटन डीसी में ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल की शपथ ली। इसके बाद, 15 मार्च 2025 को पेन्सिलवेनिया की एक रैली में उन्होंने नाटो को बेकार का बोझ ठहराया और यूरोप को अमेरिकी खजाने पर पलने वाला मेहमान बताया। 10 अप्रैल 2025 को टेक्सास में रूढ़िवादी दानदाताओं के सामने उन्होंने ईयू के ग्रीन डील को आर्थिक हत्या करार दिया, यह कहते हुए कि अमेरिकी मज़दूर यूरोप के जलवायु सपनों का बोझ क्यों उठाए?

ट्रंप के ये तीखे बयान कोई तात्कालिक तुनकमिजाजी नहीं थे। राष्ट्रपति के रूप में उनका पहला कार्यकाल (2017-2021) भी इसी तरह के तानों से भरा था, जब उन्होंने नाटो को पुराना ढाँचा कहा, जर्मनी को रूस का गुलाम बताया, और ईयू को अमेरिका का लाभ उठाने वाला करार दिया। उस वक़्त तो यूरोप आश्चर्य और सदमे में पड़ गया था, मगर अब, 2025 में, इससे मर्माहत और तिलमिलाये यूरोप की आँखों में रोष है, मुट्ठियाँ बँधी हैं, और इरादे पक्के। ट्रम्प का तलाकनामा यूरोप के लिए एक नई सुबह का न्योता बन गया है।

# चम्पक रमन पिल्लई



चम्पक रमन पिल्लई भारतीय राजनैतिक कार्यकर्ता और क्रांतिकारी थे। हालाँकि उनका जन्म भारत में हुआ था पर उन्होंने अपने जीवन का ज्यादातर भाग जर्मनी में बिताया। उनका नाम उन महान क्रांतिकारियों में शामिल है जिन्होंने अपना सब कुछ दांव पर लगाकर देश की आजादी के लिए प्राण गंवा दिए। वे एक ऐसे वीर थे जिन्होंने विदेश में रहते हुए भारत की आज़ादी की लड़ाई को जारी रखा और एक विदेशी ताकत के साथ मिलकर भारत में अंग्रेजी हुकुमत का सफाया करने की कोशिश की। दुर्भाग्य है कि आज उनको बहुत कम लोग ही याद करते हैं, पर ये देश चम्पक रमन पिल्लई की कुर्बानी का सदैव आभारी रहेगा।

## प्रारंभिक जीवन

चम्पक रमन पिल्लई का जन्म 15 सितम्बर, 1891 को त्रावनकोर राज्य के तिरुवनंतपुरम में एक सामान्य माध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम चिन्नास्वामी पिल्लई और माता का नाम नागम्मल था। उनके पिता तमिल थे पर त्रावनकोर राज्य में पुलिस कांस्टेबल की नौकरी के कारण तिरुवनंतपुरम में ही बस गए थे। उनकी प्रारंभिक और हाई स्कूल की शिक्षा थैकौड़ (तिरुवनंतपुरम) के मॉडल स्कूल में हुई थी। चम्पक जब स्कूल में थे तब उनका परिचय एक ब्रिटिश जीव वैज्ञानिक सर वाल्टर स्ट्रिकलैंड से हुआ, जो अक्सर वनस्पतिओं के नमूनों के लिए तिरुवनंतपुरम आते रहते थे। ऐसे ही एक दौरे पर उन्होंने चम्पक और उसके चचेरे भाई पद्मनाभा पिल्लई को साथ आने का निमंत्रण दिया और वे दोनों उनके साथ हो लिए। पद्मनाभा पिल्लई तो कोलम्बो से ही वापस आ गया पर चम्पक सर वाल्टर स्ट्रिकलैंड के साथ यूरोप पहुँच गए। वाल्टर ने उनका दाखिला ऑस्ट्रिया के एक स्कूल में करा दिया जहाँ से उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा पास की।

## यूरोप में जीवन

स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद चम्पक रमन पिल्लई ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए एक तकनिकी संस्थान में दाखिला ले लिया। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने 'इंटरनेशनल प्रो इंडिया कमेटी' की स्थापना की। इसका मुख्यालय ज्यूरिख में रखा गया। लगभग इसी समय जर्मनी के बर्लिन शहर में कुछ प्रवासी भारतीयों ने मिलकर 'इंडियन इंडिपेंडेंस कमेटी' नामक एक संस्था बनायी थी। इस दल के सदस्य थे वीरेन्द्रनाथ चटोपाध्याय, भूपेन्द्रनाथ दत्त, ए. रमन पिल्लई, तारकनाथ दास, मौलवी बरकतुल्लाह, चंद्रकांत चक्रवर्ती, एम.प्रभाकर, बिरेन्द्र सरकार और हेरम्बा लाल गुप्ता।

अक्टूबर 1914 में चम्पक रमन पिल्लई बर्लिन चले गए और बर्लिन कमेटी में सम्मिलित हो गए और इसका विलय 'इंटरनेशनल प्रो इंडिया कमेटी' के साथ कर दिया। इस कमेटी का मकसद था यूरोप में भारतीय स्वतंत्रता से जुड़ी हुई सभी क्रांतिकारी गतिविधियों पर निगरानी रखना। लाला हरदयाल को भी इस आन्दोलन में शामिल होने के लिए राजी कर लिया गया। जल्द ही इसकी शाखाएं अम्स्टरडैम, स्टॉकहोम, वाशिंगटन, यूरोप और अमेरिका के दूसरे शहरों में भी स्थापित हो गयीं।

## जय हिन्द का नारा

जर्मनी ने कमेटी के ब्रिटिश विरोधी गतिविधियों को हर तरह की मदद प्रदान की। चम्पक रमन पिल्लई ने ए. रमन पिल्लई के साथ मिलकर कमेटी में काम किया। बाद में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस चम्पक रमन पिल्लई से मिले। ऐसा माना जाता है कि 'जय हिन्द' नारा चम्पक रमन पिल्लई के दिमाग की ही उपज थी। प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी की हार के बाद पिल्लई जर्मनी में ही रहे। बर्लिन की एक फैक्ट्री में उन्होंने एक तकनिसियन की नौकरी कर ली थी। जब नेताजी विएना गए, तब पिल्लई ने उनसे मिलकर अपने योजना के बारे में उन्हें बताया।

## विदेश मंत्री

राजा महेंद्र प्रताप और मोहम्मद बरकतुल्लाह ने अफ़ग़ानिस्तान की राजधानी काबुल में भारत की एक अस्थायी सरकार की स्थापना 1 दिसम्बर 1915 को की थी। महेंद्र प्रताप इसके राष्ट्रपति थे और बरकतुल्लाह प्रधानमंत्री। चम्पक रमन पिल्लई को इस सरकार में विदेश मंत्री का कार्यभार सौंपा गया था। दुर्भाग्यवश प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी के हार के साथ अंग्रेजों ने इन क्रांतिकारियों को



अफ़ग़ानिस्तान से बाहर निकाल दिया। इस दौरान जर्मनी के अधिकारी अपने निजी स्वार्थ के लिए भारतीय क्रांतिकारियों की सहायता कर रहे थे। हालाँकि भारतीय क्रांतिकारियों ने जर्मन अधिकारियों को ये साफ़ कर दिया था कि दुश्मन के खिलाफ लड़ाई में वे सहभागी हैं, पर जर्मनी के अधिकारी भारतीय क्रांतिकारियों के खुफ़िया तंत्र को अपने फायदे के लिए उपयोग करना चाहते थे।

## विवाह और मृत्यु

सन 1931 में चम्पक रमन पिल्लई ने मणिपुर की लक्ष्मीबाई से विवाह किया। उन दोनों की मुलाकात बर्लिन में हुई थी। दुर्भाग्यवस विवाह के उपरान्त चम्पक बीमार हो गए और इलाज के लिए इटली चले गए। ऐसा माना जाता है कि उन्हें जहर दिया गया था। बीमारी से वे उबर नहीं पाए और 28 मई 1934 को बर्लिन में उनका निधन हो गया। उनकी पत्नी लक्ष्मीबाई उनकी अस्थियों को बाद में भारत लेकर आयीं, जिन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ कन्याकुमारी में प्रवाहित कर दिया गया।

# बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज चाहिए तो यहां कर सकते हैं निवेश, रिस्क भी सबसे कम



नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप पांच साल से ज्यादा के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट करना चाहते हैं, तो आपके पास Bank FD के अलावा एक और विकल्प है। यह विकल्प है आरबीआई फ्लोटिंग रेट सेविंग्स बांड 2020 का। इस पर अभी जो ब्याज की दर है, वह बैंक एफडी से ज्यादा है। आइए इस RBI Bond के बारे में जानते हैं।

आरबीआई फ्लोटिंग रेट सेविंग्स बांड में सात साल के लिए पैसा लगा सकते हैं। फ्लोटिंग होने के कारण इस पर मिलने वाली ब्याज की दर में बदलाव होते रहते हैं। मौजूदा ब्याज दर 8.05% सालाना है। इसमें कम से कम 1000 रुपये का निवेश किया जा सकता है। अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। ये बांड टैक्सेबल हैं। ब्याज से होने वाली आय पर आपके इनकम टैक्स ब्रैकेट के हिसाब से टैक्स लगेगा।

बैंक ब्याज दर से तुलना- एसबीआई - तीन करोड़ रुपये से कम जमा पर दो साल से तीन साल से कम अवधि के लिए सबसे अधिक 6.70% ब्याज, सीनियर सिटीजन को 7.20% ब्याज।

किस तरह के निवेशकों के लिए अच्छे हैं आरबीआई बांड- आरबीआई फ्लोटिंग रेट सेविंग्स बांड उन कंजरवेटिव निवेशकों के लिए अच्छे कहे जा सकते हैं जो निश्चित रिटर्न चाहते हैं। सॉवरेन बांड होने के कारण इन पर जोखिम सबसे कम होता है। बैंक के माध्यम से भी इनमें ऑनलाइन या ऑफलाइन निवेश किया जा सकता है। कुछ बैंक ऑनलाइन आवेदन में ज्वाइंट एकाउंट या माइनर एकाउंट की अनुमति नहीं देते। इसके लिए आपको बैंक ब्रांच जाना पड़ेगा।

ब्याज लेने के दो विकल्प- आरबीआई फ्लोटिंग रेट सेविंग्स बांड पर ब्याज लेने के लिए दो विकल्प हैं। आप चाहें तो हर छमाही रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, या नहीं तो ब्याज समेत पूरी रकम मैच्युरिटी के समय ले सकते हैं। छमाही रिटर्न हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को मिलेगा।

कितना मिलेगा ब्याज- आरबीआई फ्लोटिंग रेट सेविंग्स बांड पर मिलने वाला ब्याज नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट पर मिलने वाले ब्याज से 0.35% अतिरिक्त होता है। अभी एनएससी पर ब्याज की दर 7.7त्न है। इसलिए आरबीआई बांड पर ब्याज की दर 8.05% है।

## 1500% तक चढ़ गया है यह डिफेंस शेयर, लगातार खरीदने की लूट



नई दिल्ली (एजेंसी)। हैदराबाद स्थित डिफेंस टेक्नोलॉजी कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर इस सप्ताह फोकस में रह सकते हैं। दरअसल, कंपनी ने बीते शनिवार को अपने मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के लिए 13.96 करोड़ का समेकित नेट प्रॉफिट दर्ज किया, जो एक साल पहले की अवधि में 12.93 करोड़ से 8% की अधिक है। क्रमिक आधार पर, कंपनी का नेट प्रॉफिट दिसंबर तिमाही में 18.23 करोड़ से 23% कम हुआ। मार्च तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 135.44 करोड़ से 19% बढ़कर 161.77 करोड़ हो गया, जो साल-दर-साल था। राजस्व 148.39 करोड़ से 9% बढ़ा, जो तिमाही-दर-तिमाही था। बता दें कि बीते शुक्रवार को यह शेयर 9% तक टूट गया था और 136.15 रुपये पर आ गया था।

24 मई 2025 को हैदराबाद स्थित रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड ने अपने Q4 FY25 वित्तीय परिणाम जारी किए, जिसने सोमवार, 26 मई को होने वाले कारोबार से पहले बाजार का फोकस किया। ये परिणाम ऐसे समय में आए हैं जब शेयर में पांच साल में 1,585 प्रतिशत का रिटर्न मिलने से निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है। पांच साल में यह शेयर 8 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गया।

# वित्त मंत्रालय ने लगा दी मुहर, जानिए इस बार ईपीएफ पर कितना मिलेगा ब्याज?




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को अपनी मंजूरी दे दी है। इस बार ईपीएफ खाताधारकों को उनके जमा पर 8.25 फीसदी का ब्याज मिलेगा। यह पिछले बार (वित्तीय वर्ष 2023-24) के ब्याज दर के बराबर है, लेकिन उसके पहले की तुलना में कहीं अधिक है। इसका फायदा ईपीएफ के 7 करोड़ से अधिक खाताधारकों को लाभ मिलेगा।

एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन यानी EPFO की केंद्रीय ट्रस्टी बोर्ड ने फरवरी में हुई अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25त्न ब्याज दर देने का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद श्रम मंत्रालय ने इसे अंतिम मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा था। इसे वित्त मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है।

EPF Interest Rate 2025 कब मिलेगा- मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद EPFO (एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन) को ग्राहकों के खातों में ब्याज जमा करने का निर्देश दिया है। जल्द ही ब्याज की ये रकम ईपीएफ खाते में जमा हो जाएगी।

इक्विटी के इस दौर में भी EPF निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बना हुआ है। यह अन्य फिक्स्ड-इनकम इंस्ट्रूमेंट्स की तुलना में बेहतर रिटर्न प्रदान करता है। साथ ही, निर्धारित सीमा तक EPF पर मिलने वाला ब्याज टैक्स-फ्री होता है।

ईपीएफ के तहत कर्मचारियों के रिटायरमेंट के लिए एक बड़ा फंड तैयार किया जाता है। ताकि रिटायरमेंट के बाद उन्हें कोई दिक्कत ना हो। इसलिए पीएफ अकाउंट में जमा पैसे रिटायरमेंट पर ही मिलते हैं। हालांकि कुछ परिस्थितियों में इन पैसों को निकाला जा सकता है। कोई भी व्यक्ति जरूरत पड़ने पर पीएफ से ज्यादा से ज्यादा 50 फीसदी तक पैसा निकाल सकता है।

## रिलायंस पावर से रिलायंस इंफ्रा तक, अनिल अंबानी की इन 3 कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी रहेगी जारी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप के शेयर जिसमें रिलायंस होम फाइनेंस, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर के शेयरों में शुक्रवार को तूफानी तेजी देखने को मिली थी। अनिल अंबानी की कंपनियों के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह पॉजिटिव ऐलान, वित्तीय स्थिरता और नए महत्वपूर्ण बिजनेसेज की शुरुआत है। बता दें, शुक्रवार को रिलायंस फाइनेंस के शेयर 10 प्रतिशत की उछाल के साथ 3.64 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। वहीं, रिलायंस पावर का शेयर 19 प्रतिशत की तेजी के बाद 53 रुपये और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का शेयर 10.50 प्रतिशत की तेजी के बाद 313 रुपये के लेवल पर पहुंचने में सफल रहा है। क्या यह तेजी सोमवार को भी देखने को मिलेगी?

Fynocrat Technologies के फाउंडर और डायरेक्टर गौरव गोयल कहते हैं कि अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में उछाल के पीछे की वजह उनकी 2 कंपनियां है। प्राइवेट बिजली उत्पादन के मामले में रिलायंस पावर एक बड़ा नाम है। यह कंपनी अब सोलर और रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के सेक्टर में प्रगति कर रही है।

रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का फोकस पावर डिस्ट्रीब्यूशन और ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट्स पर है। कंपनी अपनी सब्सडियरी रिलायंस डिफेंस के जरिए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग पर अपना ध्यान बढ़ा रही है।

# रिजर्व बैंक ने किया रिकॉर्ड डिविडेंड का ऐलान, सरकार के खजाने में आएगी कितनी रकम?

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश का केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक केंद्र सरकार को डिविडेंड के रूप में 2.69 लाख करोड़ रुपये का भुगतान करेगा। यह भारतीय रिजर्व बैंक के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड भुगतान है। बता दें, भारतीय रिजर्व बैंक की 100 फीसदी हिस्सेदारी केंद्र सरकार के पास है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह वित्त वर्ष 2025 के लिए केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में 2.69 लाख करोड़ रुपये का भुगतान करेगा। इससे पहले, वित्त वर्ष 2023-24 और 2022-23 में आरबीआई ने सरकार को क्रमशः 2.1 लाख करोड़ रुपये और 87,420 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया था।




खुद सरकार ने अपने बजट में आरबीआई, सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों को मिला कर 2.56 लाख करोड़ रुपये डिविडेंड मिलने का अनुमान जताया था। जबकि अभी बैंकों से मिलने वाला डिविडेंड बाकी है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष आरबीआई, पीएसबी और अन्य सरकारी वित्तीय संस्थाओं से 2.56 लाख करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। इससे ज्यादा आरबीआई ने ही दे दिया। सरकार को बैंकों से भी 50 हजार से 60 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त डिविडेंड के रूप में मिल सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक केंद्रीय बैंक होने के नाते कई ऐसी गतिविधियां करता है, जिससे उसे आय मिलती है। इसमें विदेशी मुद्रा की खरीद-बिक्री, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों का प्रबंधन और वीआरआर ऑपरेशन शामिल हैं। हाल के वर्षों में आरबीआई ने रुपयों को समर्थन देने के लिए विदेशी मुद्रा की खरीद-बिक्री बढ़ाई है और इसके चलते उसकी आय भी कई गुना बढ़ोतरी हुई है। यही कारण है कि रिजर्व बैंक सरकार को इतनी बड़ी मात्रा में डिविडेंड दे पा रहा है।

## पहली बार बोनस शेयर दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट इसी हफ्ते, डिविडेंड का भी ऐलान



नई दिल्ली (एजेंसी)। IFGL Refractories ने निवेशकों को लिए बोनस शेयर और डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने एक्सचेंज को बोर्ड के इस फैसले से शनिवार को अवगत कराया है। बीते 2 हफ्ते में IFGL Refractories के शेयरों में 35 प्रतिशत से अधिक की तेजी भी देखने को मिली है।

IFGL Refractories ने एक्सचेंज को बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 30 मई 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन जिन निवेशकों के पास IFGL Refractories के शेयर रहेंगे उन्हें बोनस शेयर का फायदा होगा।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# शहडोल में शिकायत को लेकर गुस्साया सरकारी डॉक्टर भाजपा नेताओं के पीछे गड़ासा लेकर दौड़ा



धनपुरी। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. सचिन कारखुर के खिलाफ एक बार फिर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप है कि जब कुछ वहीं पदस्थ डॉक्टर सचिन करखुर के द्वारा गाली-गलौज करते हुए भाजपा नेता स्थानीय नेता अपना बयान दर्ज कराकर वापस लौटे, तो उनके पीछे डॉक्टर हमला करने की नियत से धारदार हथियार गड़ासा लेकर भागे थे, लेकिन तब तक यह नेता वहां से जा चुके थे।

इस मामले में पुलिस ने भाजपा नेता सूर्यप्रकाश रजक की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दोपहर 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी में हड़कंप की स्थिति बन गई थी।

जानकारी मिली तो थाने पहुंचे सूर्य प्रकाश रजक एवं उनके साथ जो लोग मौजूद थे, उनके पीछे हथियार लेकर बाहर की तरफ दौड़े लेकिन यह अच्छा रहा कि तब तक नेता मौके से जा चुके थे, लेकिन इसकी जानकारी जब उन्हें मिली तो उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

नेताओं ने थाने में दी लिखित शिकायत-घटना के संबंध में भाजपा नेता सूर्य प्रकाश रजक ने थाने में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसमें उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उनके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर सचिन कारखुर के खिलाफ एक शिकायत की थी।

इस शिकायत के संबंध में शुक्रवार को जांच के लिए सीएमएचओ कार्यालय शहडोल से दो सदस्यों की टीम पहुंची हुई थी, जिसमें डीएचओ डॉक्टर एचडी कंवर एवं संतोष सिंह शामिल थे। जांच टीम के ही सदस्य संतोष सिंह द्वारा मोबाइल से उन्हें अस्पताल बयान देने के लिए बुलाया गया था और उनके साथ-साथ पूर्व में कांग्रेस नेता मोहम्मद साबिर ने भी शिकायत की थी।

उन्हें भी जांच के लिए बुलाया गया था, ताकि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा सके। शिकायत में कहा गया कि यहां पर तो पूरा मामला ही एक अलग रंग ले लिया। जब अपना बयान देने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बाहर निकल गए तो उसके बाद डाक्टर सचिन जो कि अपने केबिन में बैठे हुए थे वहां से उठकर गाली-गलौज करते हुए गड़ासा लेकर बाहर निकले।

# फैक्ट्री जा रहे मजदूर को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत से गुस्साए परिजनों ने दमोह-छतरपुर हाइवे किया जाम



फैक्ट्री जा रहे मजदूर को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत से गुस्साए परिजनों ने दमोह-छतरपुर हाइवे किया जाम - दमोह, नईदुनिया प्रतिनिधि। दमोह जिले के नरसिंहगढ़ चौकी क्षेत्र में आने वाले कोपरा पुल के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार मजदूर को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसके बाद परिजनों ने हाइवे पर जाम लगा दिया जो करीब डेढ़ घंटे बाद खुला।

जानकारी के अनुसार देहात थाना के ककरा गांव निवासी नन्नू पिता लल्लू अहिरवार 35 मजदूरी करने के लिए बाइक से इमलाई सीमेंट फैक्ट्री जा रहा था। इस दौरान दमोह तरफ से जा रहे ट्रक के चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार हवा में उछलकर सड़क पर गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर उसकी मौत हो गई।

इस घटना के बाद ट्रक चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। खबर मिलने नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी प्रशिता कर्मी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी चालक को अपने कब्जे में ले लिया। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे दमोह छतरपुर हाइवे पर जाम लग गया।

पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को जाम हटाने के लिए समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन किसी वरिष्ठ अधिकारी को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़े हुए थे। इस दौरान शव भी सड़क पर ही रखा रहा।

दमोह एसडीएम आरएल बागरी व पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया मौके पर पहुंचे और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खोला गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। तब तक दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग चुकी थी।

## भाजपा की विजय शाह पर नरमी, क्योंकि मध्य प्रदेश में आदिवासी चेहरों की कमी



भोपाल। जातीय, क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन सियासत की मजबूरी कैसे बन चुके हैं, इसे मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह के प्रकरण से समझा जा सकता है। सेना के पराक्रम पर विवादित टिप्पणी करने के बाद भी भाजपा उन पर कार्रवाई करने में दो कदम आगे चार कदम पीछे की स्थिति में है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश की आड़ में मोहन सरकार इस मामले में अपना बचाव कर रही है और अपनी तरफ से कार्रवाई का श्रेय भी ले रही है। यह स्थिति पार्टी में आदिवासी चेहरों की कमी के चलते बन गई है।

प्रदेश की राजनीति में आदिवासी चेहरों का अभाव नई बात नहीं है। भाजपा और कांग्रेस दोनों इससे जूझ रही है। ऐसे में किसी भी मामले को लेकर आदिवासी नेताओं पर सीधी कार्रवाई से दोनों पार्टियों अब तक बचती रही हैं। विधानसभा से लेकर लोकसभा और स्थानीय निकाय के चुनावों में भी आदिवासी वर्ग ही है, जिसके रुख को लेकर दोनों पार्टियों में बेचैनी परिणाम आने तक बनी रहती है।

आदिवासी वर्ग को अपने पाले में करने के लिए भाजपा सरकार ने विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, वहीं कांग्रेस अपनी पुरानी सरकार के कामों को गिनाने में कभी पीछे नहीं रहती। भाजपा में आदिवासी नेतृत्व का पहले से ही अभाव रहा है।

## बात नहीं मानती थी पत्नियां, उन्हें वश में करने मरी हुई बाघिन के चारों पंजे काट ले आए पति



सिवनी। पेंच टाइगर रिजर्व के रूखड़ बफर में मृत बाघिन के चारों पंजे आरोपितों ने अपनी पत्नी को वश में करने झाड़फूंक करने पंडा के कहने पर काटे थे। इसमें गांव के अन्य चार आरोपित भी शामिल थे। वन अमला अब तक पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि आरोपितों को उकसाने वाला पंडा और एक अन्य आरोपित फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

वन अधिकारियों के अनुसार 26 अप्रैल को बाघिन का शव मिलने से लगभग 15 दिन पहले मुख्य आरोपित राजकुमार और झाम सिंह अन्य ग्रामीणों के साथ बफर जंगल में मछली का पकड़ने गए थे। इस दौरान उन्होंने बाघिन का शव देखा। बाघिन के शव से कुछ दूरी पर एक बाघ को बैठा देखकर आरोपित पीछे हट गए।

फिर पंडा ने खाल भी लाने को कहा- अगले दिन आरोपित एक फरार आरोपित सुखलाल के साथ फिर से उसी जगह पहुंचे और बाघिन के पंजे तथा नुकीले दांत काट कर ले गए। आरोपितों ने बाघिन के पंजे और दांत लाने की जानकारी पंडा को दी।

## खेत में पानी की मोटर जलने पर हैवान बना मालिक, मजूदर को कार से कुचलकर मार दिया



हरदा। हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम गोयत में एक खेत मालिक पानी की मोटर जलने से हैवान बन गया। उसने कार से कुचलकर मजदूर को मार डाला। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

टिमरनी एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि विक्रम केवट (52) नर्मदा नदी किनारे लगे खेत से जुड़े मोटर पंप को बंद-चालू करने का काम करता था। शुक्रवार रात करीब 11 बजे खेत मालिक अनिल जाट निवासी ग्राम नांदरा वहां पहुंचा। उसका मोटर पंप जल गया था। गाड़ी रिवर्स कर फिर से ऊपर चढ़ा दी

गुस्से में उसने अपनी कार से विक्रम को टक्कर मारकर कुचल दिया। मृतक के पुत्र ललित केवट की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित अनिल जाट (40) के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। ललित ने बताया कि अनिल ने कार से उसके पिता को टक्कर मारने के बाद गाड़ी रिवर्स कर फिर से उनके ऊपर चढ़ा दी।

अस्पताल में ले जाते समय रास्ते- पिता को अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। एसपी अभिनव चौकसे ने बताया कि आरोपित ने पहले विक्रम को टक्कर मारी, फिर रिवर्स कर वाहन उसके पेट पर चढ़ा दिया। अंदरुनी चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर गाड़ी के टायर के निशान और शरीर पर आई चोटें इस बात की पुष्टि करती हैं कि हत्या जानबूझकर की गई है।




# इंदौर विकास प्राधिकरण का सीनियर सिटीजन प्रोजेक्ट तैयार, जल्द होगा शुभारंभ



इंदौर। शहर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा योजना क्रमांक 134 के अंतर्गत स्टार चौराहे के पास निर्मित सीनियर सिटीजन प्रोजेक्ट का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर. पी. अहिरवार ने आज प्रोजेक्ट का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और शुभारंभ से पहले आवश्यक निर्देश दिए।

श्री अहिरवार ने बताया कि यह भवन प्राधिकरण द्वारा पूरी तरह निर्मित कर लिया गया है और इसके संचालन के लिए एक एजेंसी की नियुक्ति भी कर दी गई है, जो शीघ्र ही अपना कार्य प्रारंभ करेगी। उन्होंने बताया कि सीनियर सिटीजन के संतुलित और सुरक्षित जीवन को ध्यान में रखते हुए इस योजना में सभी आवश्यक सुविधाओं को समाविष्ट किया गया है। आमंत्रित निविदा में ही एजेंसी के लिए स्पष्ट निर्देश एवं शर्तें निर्धारित की गई हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होगा। लगभग साढ़े 18 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस परियोजना में एक बीएचके के 10 और दो बीएचके के 22 फ्लैट्स का निर्माण किया गया है। इसके अलावा निवासियों की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आठ दुकानों का भी निर्माण हुआ है। परियोजना में कार और दोपहिया वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था है।

वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए एक्टिविटी एरिया, डायनिंग एरिया, किचन, वॉश एरिया जैसे जरूरी स्थानों का समुचित प्रावधान किया गया है। साथ ही, डॉक्टर, फिजियोथेरेपिस्ट और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा भी इस योजना में उपलब्ध रहेगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और चौबीसों घंटे गार्ड की तैनाती सुनिश्चित की गई है।

उद्घाटन के पश्चात एजेंसी द्वारा इस योजना की बुकिंग के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इसके सफल संचालन और निगरानी के लिए प्राधिकरण द्वारा एक विशेष कमेटी का गठन किया जाएगा, जो समय-समय पर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश जारी करेगी। यह परियोजना इंदौर में वरिष्ठ नागरिकों को एक सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रहवासी क्षेत्र में शूटिंग एकेडमी चला रहा था मोहसिन, बिल्डिंग मालिक के रसूख से बचता रहा



इंदौर। इंदौर की शूटिंग एकेडमी में लड़कियों के साथ रेप और अश्लीलता के मामले सामने आने के बाद कई सवाल उठने लगे हैं। खासकर उन सभी पर, जिन्होंने इस एकेडमी को रहवासी इलाके में संचालित करवाने की अनुमतियां दी। मोहसिन खान को इस अनुमति के पीछे की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस की जांच अब और व्यापक हो गई है। एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी ने बताया कि मोहसिन खान के खिलाफ हर बिंदु पर स्पेशल टीम जांच कर रही है। उन्होंने खुद मोहसिन के फ्लैट और एकेडमी का दौरा कर तलाशी ली है। इसके अलावा, नगर निगम से भी यह पता लगाया जा रहा है कि मोहसिन ने रहवासी क्षेत्र में शूटिंग एकेडमी चलाने की अनुमति कैसे हासिल की।

रहवासियों के आरोप- राजनीतिक रसूख की आड़ में बचता रहा मोहसिन- क्षेत्र के लोगों ने बताया कि 2021-22 में एक सिख युवती, जो रिसेप्शनिस्ट की नौकरी के लिए वहां आई थी, उसे भी मोहसिन ने अपने फ्लैट में बुलाकर गलत हरकत की थी। इस मामले पर पहले भी बड़ा विवाद हुआ था और शिकायत पुलिस तक पहुंची थी लेकिन बिल्डिंग मालिक जीतू मिश्रा के राजनीतिक रसूख के चलते मोहसिन उस समय बच गया था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि शूटिंग के लिए उपयोग की जा रही रायफलें वैध हैं या नहीं। अगर लाइसेंस नहीं मिला तो उन्हें जब्त किया जाएगा।

## सैकड़ों महिलाएं निकली सड़क पर, नारी शक्ति देख रोमांचित हुआ शहर



इंदौर। सड़कों पर नारी शक्ति और जयघोष के साथ देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का संकल्प। इंदौर में रविवार सुबह सड़कों पर यह दृश्य देखकर गुजरने वाला हर नागरिक ठहर गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और बालिकाएं सड़कों पर नारी शक्ति का परिचय देती हुई नजर आई।

पुण्यश्लोका लोक माता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बीजेपी महिला सशक्तिकरण की दिशा में विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को सुबह 6 बजे माता अहिल्या को समर्पित महिला सशक्तिकरण दौड़ का आयोजन किया। शहर के हृदयस्थल राजवाड़ा से रीगल चौराहे तक ये दौड़ आयोजित हुई, जो की नारी शक्ति और माता अहिल्याबाई की होलकर को समर्पित रही। कार्यक्रम में विधायक गोलू शुक्ला, विधायक महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा, सांसद शंकर लालवानी भी राजवाड़ा पहुंचे। साइड में रुके लोग, नारे लगाकर उत्साह बढ़ाया।

# आबकारी इंदौर की बड़ी कार्यवाही, प्रदेश के बाहर की 258 बल्क लीटर विदेशी शराब जप्त



इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश और सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वृत राजमोहल्ला के प्रभारी मनमोहन शर्मा ने कार्यवाही करते हुए प्रदेश के बाहर की अवैध शराब का जखीरा पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। डायमण्ड करोलबाग सोसाइटी स्थित नितेश पिता श्री मुकेश के फ्लैट पर दबिश देने पर उसके फ्लैट और उसके ऑटो रिक्शा क्रमांक MP09RA6408 में से 23 पेटी बियर की तथा 2 पेटी विदेशी मदिरा बरामद हुई। शराब और ऑटो को जप्त किया गया। जब्त शराब हाई रेंज की है जिसकी अनुमानित कुल कीमत 3 लाख रुपये है। आरोपी नितेश पहले भी दो बार इसी तरह से प्रदेश के बाहर की अवैध शराब को यहां खपाने की बात को कबूल किया है, युवक से पूछताछ की जा रही है, जिसमें कुछ और लोगों की संलिप्तता की भी बात सामने आ सकती है। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

कार्यवाही आबकारी कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक मनमोहन शर्मा, राजेश तिवारी और आशीष जैन की टीम द्वारा की गई जिसमें मुख्य आरक्षक बालमुकुंद गौड़ का विशेष योगदान रहा।

## इंदौर पुलिस आयुक्त द्वारा शातिर बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई, एक पर हाजिरी की पाबंदी तो दो को किया जिलाबदर

इंदौर। नगरीय क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तीन आदतन अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कदम उठाए गए हैं।

पुलिस आयुक्त ने थाना एमजी रोड क्षेत्र के रहने वाले शातिर बदमाश आमिर गौरी के विरुद्ध छह माह के लिए थाना हाजिरी का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत आरोपी को निश्चित समयावधि पर संबंधित थाने में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। साथ ही, उसे किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहना होगा और शहर की लोकशांति को भंग करने वाला कोई कार्य नहीं करना होगा। आदेश की अवहेलना की स्थिति में उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ दो अन्य कुख्यात बदमाशों, लालू उर्फ रोहित मालवीय निवासी थाना द्वारकापुरी और कपिल यादव निवासी थाना परदेशीपुरा को छह माह की अवधि के लिए इंदौर जिले सहित उससे लगे सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर जिलाबदर किया गया है। दोनों आरोपियों पर हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखना, लूट, गाली-गलौज, मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा जैसे गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इन बदमाशों की आपराधिक गतिविधियों पर पूर्व में भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है, किंतु इसके बावजूद वे क्षेत्र में लगातार शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे। ऐसे में मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत इन पर जिलाबदर की कार्रवाई की गई है।

प्रशासन की ओर से इन प्रकरणों में पैरवी एडीपीओ शिवभान सिंह द्वारा की गई। इंदौर पुलिस द्वारा ऐसे सक्रिय अपराधियों पर लगाम कसने की यह कार्रवाई शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## बाल भवन में महिलायें, किशोरी बालिकाएं एवं बच्चों के लिये आयोजित की जा रही हैं कई तरह की गतिविधियां



इंदौर। राज्य शासन की मंशानुसार महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ने के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग इंदौर की संयुक्त संचालक डॉ. संध्या व्यास द्वारा अभिनव पहल की जा रही है। बताया गया कि डॉ. संध्या व्यास द्वारा स्वयंसेवी संस्था ऑलवेज हैप्पी हेल्पिंग हैण्ड संस्था की डायरेक्टर श्रीमती साधना टोडी से चर्चा कर 26 मई 2025 से बाल भवन इंदौर में सिलाई शिविर का आयोजन शुरू किया जा रहा है। इच्छुक महिलायें एवं किशोरी बालिकाएं 29/3 ओल्ड पलासिया में संपर्क कर शिविर में सम्मिलित हो सकती हैं। इसके अलावा महिलायें एवं किशोरी बालिकाएं मेहंदी, कंप्यूटर, स्पोकन इंग्लिश भी सीख सकती हैं। संभागीय बाल भवन इंदौर के सहायक संचालक श्री व्ही.पी.एस. राठौर ने बताया कि बाल भवन इंदौर में 5 से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए अन्य गतिविधियों का संचालन 11 से 5 बजे के बीच पूरे वर्ष किया जाता है।

hindkush.in
24x7 News portal
दैनिक हिन्दकुश
jagrayam.com
online news magazine
सर्वे भवन्तु सुखिनः
भोपाल, इंदौर, उज्जैन, से प्रकाशित

संपादक मंडल

श्री संजय ज्ञानी
संपादकीय सलाहकार

श्री संजय व्यास
संपादकीय सलाहकार डिजिटल

सुश्री परम चैतन्य
कार्यकारी संपादक

डॉ. चमन सिंह राजौरा
उप संपादक

श्री आशीष उपाध्याय
विशेष संवाददाता व विधि सलाहकार

श्री भुवनेश भार्गव
विशेष संवाददाता

श्री शिरीष राव मोरे
ब्यूरो प्रमुख

श्री नरेन्द्र राठौर
संवाददाता

श्री धर्मेंद्र राठौर
संवाददाता

श्री कौशल कांतिदास वैरागी
विशेष प्रतिनिधि




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का आयोजन 4 और 5 जून को किया जाएगा

## नगर निगम सभापति और कलेक्टर के द्वारा यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया



उज्जैन । गंगा दशमी के पर्व पर आगामी चार और 5 जून को शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का आयोजन भव्य स्तर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा भी सहभागिता की जाना प्रस्तावित है। इसी उपलक्ष्य में रविवार को नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान श्री नरेश शर्मा, श्री अनोखी लाल शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक और संबंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम के लिए निर्धारित किए गए पूजा स्थल का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त प्रकाश की व्यवस्था करवाए जाने के निर्देश दिए गए।

साथ ही घाटों की साफ सफाई करवाएं जाने, विभिन्न स्थानों पर रंग-रोगन किए जाने के निर्देश भी दिए गए। बताया गया कि शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का संकल्प रामघाट से लिया जाएगा इसके पश्चात यात्रा आगे बढ़ेगी।

इसके पश्चात नरसिंह घाट, लालपुर घाट और गऊघाट का निरीक्षण किया गया। यात्रा के दौरान की रात्रि में लोग यहां पर विश्राम करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने पीएचई को यात्रियों के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए, साथ ही अगले दो दिनों में सभी घाटों की साफ सफाई का कार्य पूरा करने के लिए कहा।

# शतचंडी महारुद्र महायज्ञ आज से, यज्ञ पूर्व निकली कलश यात्रा



उज्जैन। शतचंडी महारूद्र महायज्ञ (हवनात्मक) आज 26 मई से प्रारंभ होगा। यज्ञ आरंभ से पूर्व श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के साधु संतों की अगुवाई में कलश यात्रा निकली। मोक्षदायनी माँ शिप्रा का जल कलश में भरकर महायज्ञ स्थल दातार आश्रम नृसिंह घाट मार्ग पर लाया गया।

जूना अखाड़े के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि जी महाराज, जूना अखाड़ा वरिष्ठ सभापति श्री महंत प्रेमगिरी महाराज, श्री महंत उमाशंकर भारती महाराज, सभापति श्री महंत मोहन भारती महाराज, गुजरात से आये जगतगुरु वीर भद्रानंद गिरी महाराज, अंतर्राष्टीय प्रवक्ता श्री महंत नारायण गिरी महाराज, श्रीमहंत केदारपुर महाराज श्रीमंत महेश पुरी महाराज, श्री महंत शैलेंद्र गिरी महाराज, जूना अखाड़ा के सचिव श्री महंत रामेश्वर गिरी महाराज, श्री महान ओम भारती महाराज, श्री महंत कंचन गिरि महाराज, श्रीमहंत मृत्युंजय पुरी महाराज, काशी के थानापति सचिव श्री महंत आनंद गिरि जी महाराज पंजाब, श्री महंत आनंदपुरी महाराज, जनकपुरी महाराज सहित बड़ी संख्या मे अखाड़े के वरिष्ठ साधु महात्मागण मौजूद रहे। अखिल विश्व मे शांति, सुख समृद्धि एवं सिंहस्थ महापर्व 2028 के निर्विघ्न पूर्ण होने की कामना को लेकर जूना अखाड़ा द्वारा 11 दिवसीय पांच कुंडीय महायज्ञ आयोजित किया गया है। शिप्रा नदी पर काशी,कानपुर से आये आचार्य प्रमोद तिवारी के आचार्यत्व मे कलश पूजन आदि विधान किया गया। इस अवसर पर दातार अखाड़े से जुड़े संदीप बागड़ी, अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सोलंकी, समन्वयक डॉ. राहुल कटारिया सहित अन्य भक्तजन मौजूद थे। यह जानकारी जूना अखाड़ा के अंतरराष्टीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज ने दी।

# 13 जोड़ों को महाकाल शयन आरती भक्त परिवार ने महाकाल की तस्वीर के साथ भेंट की साड़ी, सोलह श्रृंगार सामग्री



उज्जैन। नागर ब्राह्मण समाज द्वारा 13 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के सभी 13 जोड़ों को महाकाल शयन आरती भक्त परिवार की ओर से महाकाल का फोटो एवं चुन्नी साड़ी और सोलह श्रृंगार का सामान भेंट किया। इस कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र कटियार, युवा अध्यक्ष खेमसिंह तोमर, ओमप्रकाश शर्मा, उर्मिला ठाकुर, चंद्रशेखर बौरासी, अनुदीप गंगवार, शैलेंद्र दुबे, राजेंद्र कटियार, विशाल सोनी, महिला अध्यक्ष दुर्गा यादव आदि।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती पर सत्यजीत फाउंडेशन द्वारा गौरव पराक्रम शौर्य यात्रा का भव्य स्वागत किया



उज्जैन। वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की शहर इकाई द्वारा निकाली गई गौरव पराक्रम शौर्य यात्रा का मालीपुरा में सत्यजीत फाउंडेशन द्वारा अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। यह आयोजन पराक्रम, एकता और संस्कृति की भावना से ओतप्रोत रहा।

सत्यजीत फाउंडेशन के सचिव गोपाल राठौर ने बताया कि यात्रा में शामिल संभाग अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह बैस, यात्रा संयोजक बादलसिंह चौहान और समस्त समाजबंधुओं का फूलों से आत्मीय अभिनंदन कर स्वागत किया गया। फाउंडेशन की ओर से की गई पुष्पवर्षा ने माहौल को भक्तिपूर्ण और प्रेरणादायी बना दिया।

स्वागत आयोजन में रितेश वर्मा, विकास राठौर, अंबर जैन, समीर कश्यप, अमन राठौर सहित अनेक युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आयोजन को गरिमा प्रदान की।

# देश की महिला शक्ति और सेना का अपमान करने वाले मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी से कम कुछ भी स्वीकार नहीं- केके मिश्रा




उज्जैन। देश की महिला शक्ति और सेना का अपमान करने वाले मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी से कम कुछ भी स्वीकार नहीं। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के सख्त रवैये और तल्ख टिप्पणियों के बावजूद मंत्री विजय शाह को बचाने वाले भाजपा नेतृत्व का असली चेहरा बेनकाब हो रहा है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और देश के विदेश मंत्री जयशंकर सार्वजनिक माफ़ी मांगे। अन्यथा सेना के मान, महिलाओं के सम्मान और राष्ट की प्रतिष्ठा की लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक लड़ती रहेगी कांग्रेस।

यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मीडिया सलाहकार के. के. मिश्रा ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। 25 मई को उज्जैन पहुंचे केके मिश्रा ने महाकाल दर्शन के पश्चात पत्रकार वार्ता ली। जिसमें उन्होंने कहा कि मंत्री विजय शाह और जगदीश देवड़ा की अभद्र टिप्पणी ने देश की भावनाओं को आहत किया है।

प्रेस वार्ता में विधायक महेश परमार, शहर कांग्रेस के मीडिया प्रभारी संतोष गोतम, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, जिला ग्रामीण अध्यक्ष कमल पटेल, संगठन मंत्री अजय राठौर सहित अभिषेक शर्मा, बबलू खींची, चंदू यादव, वरुण शर्मा, दिपेश जैन, कृष्णा यादव आदि मौजूद रहे। केके मिश्रा ने पत्रकारवार्ता में कहा कि समूचे घटनाक्रम के बाद कांग्रेस की मांग है कि विजय शाह को अविलंब मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनके बयानों पर स्पष्टीकरण लेकर उनसे सार्वजनिक माफी मंगवाई जाए। प्रधानमंत्री स्वयं देश को भरोसा दिलाएं कि भारत की सेना का सम्मान किसी भी दलगत राजनीति से ऊपर है। इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाए।

केके मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने भारतीय सेना की बहादुर अधिकारी कर्नल सोफ़िया कुरैशी पर बेहद ही अशोभनीय, अपमानजनक और महिला विरोधी टिप्पणी की है। पहले भी अपने गैर जिम्मेदाराना आचरण, फिल्म अभिनेत्री को डिनर डेट पर आमंत्रित करने, और अपनी ही पार्टी के तत्कालीन मुख्यमंत्री की पत्नी के प्रति अशोभनीय और महिला विरोधी टिप्पणी के लिए कुख्यात रहे मंत्री विजय शाह ने इस बार तो भारतीय वीरांगना सोफिया कुरैशी के लिए बेहद गंभीर टिप्पणी की है। उन्होंने इंदौर जिले के महू में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि उन कटे-पिटे लोगों को, उनकी ही बहन भेज कर, उनकी ऐसी की तैसी कराई।

उन्होंने शरारतपूर्ण और निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग करते हुए यहां तक कहा कि ÷मोदी जी स्वयं तो कपड़े उतार नहीं सकते थे, इसलिए उनके ही समाज की बहन को भेज दिया। तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। देश का मान-सम्मान और हमारी बहनों के सुहाग का बदला तुम्हारी जाति, समाज की बहनों को पाकिस्तान भेज कर ले सकते हैं।

# शिक्षा से ही संस्कारों का निर्माण होता है - मनोज साहू




उज्जैन। जज़्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा जामिया इस्लामिया स्कूल में संचालित 35 दिवसीय निःशुल्क समर कैंप में कैरियर मार्गदर्शन सत्र के मुख्य अतिथि भैरवगढ़ जेल अधीक्षक मनोज साहू एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ज़ाहिद नूरानी द्वारा सभा को संबोधित किया गया।

भैरवगढ़ जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बच्चों को जेल में होने वाले सुधार कार्यों के बारे में तफ़सील से बताया और बच्चों को बुराइयों से बचने की प्रेरणा दी। आपने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि किस तरह पढ़ने लिखने से गुनाहों से बचने की प्रेरणा मिलती है। आपने जज़्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा जेल में कैदियों की जरूरतों की पूर्ति हेतु किए गए विभिन्न कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा भी की। इंदौर से आए प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ज़ाहिद नूरानी ने बच्चों को रात को जल्दी सोने और सुबह जल्दी उठने जैसी हेल्थ टिप्स के साथ ही व्यक्तित्व विकास को लेकर जागरूक की बात कही। आपने कहा कि शिक्षा से ही हमारे संस्कार बनते है। विशेष अतिथि चीफ़ डिफेंस, गृह विभाग, धार नीति आचार्य ने लड़कियों को हर फील्ड में आगे रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com